1000222 - A1

विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें।

Class - X
कक्षा - X

HINDI
हिन्दी

(Course A)
(पाठ्यक्रम अ)

निर्धारित समय : **3** घंटे] [अधिकतम अंक : **80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं।
- प्रश्न-पत्र में बाएँ हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। इस अवधि के दौरान छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं — **क, ख, ग** और **घ**।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

खंड 'क'

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढकर ध्यानपूर्वक नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए -** **5**

'साँच बराबर तप नहीं' सूक्ति में सत्य की महत्ता को स्वीकारा गया है। सच के मार्ग पर चलना अपने आप में तप है। तप का अर्थ है 'तपना'। सच का मार्ग सदैव कंटीला होता है, कठिन होता है । तप करने की ताकत रखने वाला ही इस पर चल सकता है । तप वही कर सकता है जिसका हृदय साफ, निष्पाप एवं एकाग्रचित्त हो । 'सत्य' मानव हृदय के गौरव का प्रतीक है । सच बोलनेवाले के मुख पर एक अलग तरह का तेज रहता है, सोच रहती है। ऐसा व्यक्ति निडर होता है व लोगों के दिल में जगह बनाता है । अप्रिय सत्य मनुष्य को कभी नहीं बोलना चाहिए। सत्य असत्य की परिभाषा अपने आप में कुछ नही, परन्तु दूसरों की भलाई, कल्याण के लिए बोला गया बड़े से बड़ा झूठ भी सत्य है और वास्तविक सत्य जो दूसरों को कठिनाई में डाल दे, बोला जाए तो वह झूठ की परिधि में आता है । तप और सत्य मिलकर मानव जीवन को विकास की राह पर अग्रसर करते हैं। सत्य की प्राप्ति ही कठोरतम तप है यह संसार का वह सर्वोत्तम धर्म है जिसके बिना जीवन सारहीन हो जाता है । सत्य अटल है । लाख झूठ भी उसके समक्ष टिक नहीं सकते। झूठ बुलबुले की भाँति है जिसका अस्तित्व क्षणिक है । सच स्थायी है, निरन्तर है । एक झूठ को छुपाने के लिए सौ झूठ बोलने पड़ते हैं और अंत में सौ झूठों का आवरण भेद कर सत्य बाहर निकल ही आता है । सत्य से व्यक्ति जितना मुँह मोड़ता है वह उतना पल - पल में सामने आता है । कठिन अवश्य है तप का मार्ग, सत्य का मार्ग, परन्तु कल्याणकारी है।

(1) 'सच' का मार्ग कैसा होता है ? **1**

(क) कंटीला और कमजोर ।

(ख) काँटों से भरा एवं सरल ।

(ग) कंटीला और आसान ।

(घ) काँटों से भरा एवं कठिन ।

(2) तप कैसा व्यक्ति कर सकता है ? **1**

(क) जिसका दिमाग एकाग्रचित्त, कुशाग्र एवं निष्पाप हो।

(ख) जिसका हृदय निष्पाप, एकाग्रचित्त एवं साफ हो।

(ग) जिसका हृदय संयमी, सत्यवादी एवं निष्पाप हो।

(घ) जिसका दिमाग तीव्र, कुशाग्र एवं एकाग्रचित्त हो।

(3) सच बोलनेवाले की क्या पहचान है ? **1**

(क) निडर, साहसी एवं परोपकारी।

(ख) निडर, परोपकारी एवं पक्षपात करनेवाला।

(ग) पक्षपात न करनेवाला, साहसी एवं कुशल वक्ता।

(घ) निडर, सबका प्रिय एवं मुख पर विशेष तेज।

(4) मानव जीवन के विकास की राह को आगे बढ़ाते हैं। **1**

(क) स्वास्थ्य और तप। (ख) सत्य और तप।

(ग) तप और संयम। (घ) संयम और सत्य।

(5) सच और झूठ में क्या अंतर है? 1

(क) झूठ एक बार बोलना पड़ता है और सच सौ बार।

(ख) सच बुलबुले की तरह क्षणिक है और झूठ चिरंतर व स्थायी है।

(ग) झूठ बुलबुले की तरह क्षणिक है और सच चिरंतर व स्थायी है।

(घ) सच बोलने में खतरा अधिक होने पर झूठ बोलना सत्य ही कहलाता है।

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर से सही विकल्प चुनकर लिखिए। 5

व्यक्ति के जीवन में संतोष का बहुत महत्त्व है। संतोषी व्यक्ति सुखी रहता है। असंतोष सब व्याधियों की जड़ है। महात्मा कबीर ने कहा है कि धन-दौलत से कभी संतोष नहीं मिलता। संतोषरूपी धन मिलने पर समस्त वैभव धूल के समान प्रतीत होता है। व्यक्ति जितना अधिक धन पाता जाता है उतना ही असंतोष उपजता जाता है। यह असंतोष मानसिक तनाव उत्पन्न करता है जो अनेक रोगों की जड़ है । धन व्यक्ति को उलझनों में फँसाता जाता है। साधु को संतोषी बनाया गया है क्योंकि भोजन मात्र की प्राप्ति से उसे संतोष मिल जाता है । हमें भी साधु जैसा होना चाहिए। हमें अपनी इच्छाओं को सीमित रखना चाहिए। जब इच्छाएँ हम पर हावी हो जाती हैं तो हमारा मन सदा असंतुष्ट रहता है । सांसारिक वस्तुएँ हमें कभी संतोष नहीं दे सकतीं । संतोष का संबंध मन से है । संतोष सबसे बड़ा धन है। इसके सम्मुख सोना - चांदी, रुपया पैसा व्यर्थ है ।

(1) संतोष का विलोमार्थी शब्द है ? 1

(क) संतोषी (ख) असंतोष

(ग) संतुष्ट (घ) सहनशील

(2) संतोष रुपी धन मिलने से क्या होता है ? 1

(क) वैभव धूल के समान लगते है ।

(ख) मन में संतुष्टि आ जाती है।

(ग) मन खुश हो जाता है ।

(घ) धन की लालसा बढ़ जाती है।

(3) जब इच्छाएँ हम पर हावी हो जाती हैं तब क्या होता है ? 1

(क) मन में खुशी होती है ।

(ख) मन सदा असंतुष्ट रहता है ।

(ग) मन संसार में रम जाता है ।

(घ) मन दुखी रहता है ।

(4) संतोष का संबंध किससे है ? 1

(क) मन से । (ख) धन से ।

(ग) वस्तुओं से । (घ) तन से ।

(5) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या हो सकता है ? 1

(क) संसार (ख) संतोष का महत्त्व

(ग) जीवन (घ) तन और मन

3. **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प छाँटकर लिखिए।** **5**

मनाना चाहता है आज ही ?
तो मना ले
आज ही होगा
उमंगे यों अकारण ही नहीं उठती,
न अनदेखे इशारों पर
कभी यों नाचता है मन,
खुले से लग रहे हैं द्वार मंदिर के ?
बढ़ा पग,
मूर्ति के श्रृंगार का दिन
आज ही होगा ।
कोई तो, कहीं तो
प्रेरणा का स्त्रोत होगा ही –
उमंगे यों अकारण ही नहीं उठती,
नदी में बाढ़ आई है,
कही पानी गिरा होगा ।

(1) कवि क्या मनाना चाहता है ? **1**

(क) त्योहार । (ख) खाना ।
(ग) खेलना । (घ) विवाह ।

(2) मंदिर के द्वार कैसे लग रहे हैं ? **1**

(क) बंद से । (ख) खुले से ।
(ग) आधे बंद, आधे खुले से । (घ) दोनों तरह से ।

(3) कवि क्या बढ़ाने को कहता है ? **1**

(क) पग (ख) हाथ
(ग) मूर्ति (घ) स्वयं को

(4) अकारण शब्द का विलोमार्थी शब्द है – **1**

(क) विकारण (ख) सकारण
(ग) नकारण (घ) अनाकारण

(5) पानी गिरा होगा से आशय है – **1**

(क) बाढ़ आई होगी । (ख) नदी बही होगी ।
(ग) नल से पानी गिरा होगा । (घ) वर्षा हुई होगी ।

4. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिये।** **5**

निर्भय स्वागत करो मृत्यु का,
मृत्यु एक है विश्राम - स्थल ।
जीव जहाँ से फिर चलता है ।
धारण कर नव - जीवन - संबल।
मृत्यु एक सरिता है, जिसमें,
श्रम से कातर जीव नहाकर ।
फिर नूतन धारण करता है,
काया - रूपी वस्त्र बहाकर ।

(1) कवि ने मृत्यु को क्या बताया है ? **1**

(क) अच्छा
(ख) विश्रामस्थल
(ग) निर्भय
(घ) बुरा

(2) 'जीव' से क्या तात्पर्य है ? **1**

(क) मनुष्य
(ख) आत्मा
(ग) मन
(घ) शरीर

(3) मृत्यु को एक सरिता क्यों बताया गया है ? **1**

(क) मृत्यु नदी की भांति बहती रहती है ।
(ख) दोनों में जीव नहाता है ।
(ग) दोनों में पानी होता है ।
(घ) मृत्यु में सब बह जाता है ।

(4) 'काया - रुपी वस्त्र' में कौन सा अलंकार है ? **1**

(क) उपमा
(ख) रुपक
(ग) अनुप्रास
(घ) श्लेष

(5) इस कविता की भाषा कौन सी है ? **1**

(क) ब्रज
(ख) अवधी
(ग) खड़ी बोली
(घ) मैथिली

खंड 'ख'

5. (क) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया प्रयुक्त हुई है ? सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1

(i) मैं पुस्तक पढ़ रहा हूँ ।

(ii) वह प्रतिदिन स्कूल जाती है ।

(iii) वह चित्र बनाता है ।

(iv) बच्चा हँस रहा है ।

(ख) रवि कहानी लिख रहा है। 1

उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित क्रियाओं का भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(i) अकर्मक क्रिया (ii) सकर्मक क्रिया

(iii) द्विकर्मक क्रिया (iv) अपूर्ण क्रिया

(ग) निम्नलिखित विकल्पों से सकर्मक क्रिया का सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1

(i) पीना (ii) पिलाना

(iii) पिलवाना (iv) पीकर

(घ) धोबी कपड़े धो रहा है । रेखांकित क्रिया का भेद बताइए । 1

(i) अकर्मक (ii) सकर्मक

(iii) प्रेरणार्थक (iv) अन्य

6. (क) 'जाऊँगा' क्रिया का मूल रुप कौन सा है ? 1

(i) जाना (ii) जा

(iii) जाऊँ (iv) ऊँगा

(ख) बच्चा सो रहा है । – क्रिया पद छाँटो – 1

(i) बच्चा (ii) सो

(iii) रहा (iv) सो रहा है ।

(ग) गीता नौकरानी से खाना पकवाती है । – रेखांकित क्रिया का भेद बताइए । 1

(i) अकर्मक (ii) सकर्मक

(iii) प्रेरणार्थक (iv) संयुक्त क्रिया

(घ) जेब से चाकू निकाला। – रेखांकित क्रिया का भेद बताओ । 1

(i) सकर्मक (ii) अकर्मक

(iii) द्विकर्मक (iv) प्रेरणार्थक

7. (क) निम्नलिखित वाक्यों में किस वाक्य में सहायक क्रिया प्रयुक्त हुई है ? सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1

(i) लडका पढ़ने लगा है ।

(ii) बच्चा चिल्लाया ।

(iii) सीमा ने खाना बनाया ।

(iv) किताब मेज पर है ।

(ख) विजय यह काम कर सकता है । वाक्य में रेखांकित क्रिया का भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1

(i) मुख्य क्रिया । (ii) सहायक क्रिया ।

(iii) संयुक्त क्रिया । (iv) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

(ग) नानी बच्चों को कहानी सुनाती है । - क्रिया का भेद बताओ। 1

(i) अकर्मक (ii) सकर्मक

(iii) एककर्मक (iv) द्विकर्मक

(घ) 'गीता गीत गाती है।' वाक्य में प्रयुक्त क्रियाभेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1

(i) अकर्मक (ii) सकर्मक

(iii) द्विकर्मक (iv) एककर्मक

8. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त विशेषणों के भेद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(क) अच्छा लड़का । 1

(i) गुणवाचक (ii) संख्यावाचक

(iii) परिमाण वाचक (iv) सार्वनामिक

(ख) मुझे कुछ चीनी चाहिए । 1

(i) गुणवाचक (ii) संख्यावाचक

(iii) परिमाणवाचक (iv) सार्वनामिक

(ग) वहाँ काफी लोग थे । 1

(i) निश्चित संख्यावाचक (ii) अनिश्चित संख्यावाचक

(iii) परिमाण वाचक (iv) सार्वनामिक

(घ) कोई बालक रो रहा है । 1

(i) निश्चयवाचक सार्वनामिक (ii) अनिश्चयवाचक सार्वनामिक

(iii) संख्यावाचक (iv) गुणवाचक

9. निम्नलिखित वाक्यों में दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति उपयुक्त क्रिया विशेषणों से कीजिए। 1

(क) एक बूँद ..... उछली।

(i) धीरे (ii) सहसा

(iii) तेज (iv) ध्यानपूर्वक

(ख) पता नहीं वह ..... चला गया। 1

(i) कैसे (ii) कब

(iii) क्यों (iv) किधर

(ग) ..... बोलो, कोई सुन लेगा। 1

(i) कम (ii) ज्यादा

(iii) धीरे (iv) तेज

(घ) ..... जाओ जिससे समय पर पहुँच सको। 1

(i) धीरे (ii) जल्दी

(iii) कम (iv) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

खंड 'ग'

10. गाडी छूट रही थी । सेकंड क्लास के एक छोटे डिब्बे को खाली समझकर, जरा दौड़कर उसमें चढ़ गए । अनुमान के प्रतिकूल डिब्बा निर्जन नहीं था । एक बर्थ पर लखनऊ की नवाबी नस्ल के एक सफेदपोश सज्जन बहुत सुविधा से पालथी मारे बैठे थे । सामने दो ताजे - चिकने खीरे तौलिए पर रखे थे । डिब्बे में हमारे सहसा कूद जाने से सज्जन की आँखो में एकांत चिंतन में विघ्न का असंतोष दिखाई दिया । सोचा, हो सकता है, यह भी कहानी के लिए सूझकी चिंता में हो या खीरे - जैसी अपदार्थ वस्तु का शौक करते देखे जाने के संकोच में हो । नवाब सहाब ने संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया । हमने भी उनके सामने की बर्थ पर बैठकर आत्म - सन्मान में आँखे चुरा ली ।

उपरोक्त गद्यांश के आधार पर सही विकल्पों का चयन कीजिए। 5

(क) उपर्युक्त गद्यांश जिस पाठ से लिया गया है उसके लेखक का नाम है। 1

(i) यशपाल (ii) स्वयं प्रकाश

(iii) रामवृक्ष (iv) महावीर प्रसाद

(ख) लेखक सेकंड क्लास के छोटे डिब्बे में क्यों चढ़ गया ? 1

(i) वह आसानी से मिल गया । (ii) वह डिब्बा खाली था ।

(iii) वह डिब्बा सामने आया था । (iv) उसे इसी में जाना था ।

(ग) अनुमान के प्रतिकूल डिब्बा निर्जन नहीं था - कैसे ? 1

(i) डिब्बे की एक बर्थ पर सफेदपोश सज्जन पालथी मारे बैठे थे ।

(ii) डिब्बे में कई अन्य लोग भी थे ।

(iii) डिब्बा खाली था ।

(iv) कई लोग और आ रहे थे ।

(घ) सफेद पोश सज्जन के सामने तौलिए पर क्या चीज रखी थी ? 1

(i) खाना । (ii) ताजे - चिकने खीरे ।

(iii) आम । (iv) चाय ।

(ङ) नवाब साहब का स्वभाव कैसा लग रहा था ? **1**

(i) वे मिलनसार थे ।

(ii) दूसरों की संगति के लिए उत्साहित ।

(iii) दूसरों की संगति के लिए अनुत्साहित ।

(iv) मिला - जुला भाव ।

अथवा

पन्द्रह दिन बाद फिर उसी कस्बे से गुजरे । कस्बे में घुसने से पहले ही ख्याल आया कि कस्बे की हृदय स्थली में सुभाष की प्रतिमा अवश्य ही प्रतिष्ठित होगी, लेकिन सुभाष की आँखों पर चश्मा नहीं होगा..... क्यों कि मास्टर बनाना भूल गया । ..... और कैप्टन मर गया । सोचा, आज वहाँ रूकेंगे नहीं, पान भी नहीं खाएँगे, मूर्ति की तरफ देखेंगे भी नहीं, सीधे निकल जाएँगे । ड्राइवर से कह दिया, चौराहे पर रुकना नहीं, आज बहुत काम है, पान आगे कहीं खा लेंगे ।

लेकिन आदत से मजबूर आँखे चौराहा आते ही मूर्ति की तरफ उठ गई। कुछ ऐसा देखा कि चीखे रोको! जीप स्पीड में थी, ड्राइवर ने जोर से ब्रेक मारे। रास्ता चलते लोग देखने लगे। जीप रुकते-न-रुकते हालदार साहब जीप से कूदकर तेज - तेज कदमों से मूर्ति की तरफ लपके और उसके ठीक सामने जाकर अटेंशन में खड़े हो गए।

मूर्ति की आँखों पर सरकंडे से बना छोटा सा चश्मा रखा हुआ था, जैसा बच्चे बना लेते हैं।

उपरोक्त गद्यांश के आधार पर सही विकल्पों का चयन कीजिए। **5**

(क) पंद्रह दिन बाद कौन फिर उस कस्बे से गुजरा ? **1**

(i) लेखक (ii) हालदार साहब

(iii) मूर्तिकार (iv) कैप्टन चश्मेवाला

(ख) नेताजी सुभाष की आँखों पर चश्मा नहीं होगा - हालदार साहब ने ऐसा क्यों सोचा ? **1**

(i) मास्टर बनाना भूल गया था । (ii) कैप्टन मर गया था ।

(iii) वह चश्मा बिक चुका था । (iv) कोई अन्य कारण था ।

(ग) हालदार साहब ने चौराहे पर न रुकने के लिए ड्राइवर से क्यों कहा होगा ? **1**

(i) उन्हें बहुत काम था ।

(ii) उन्हें पान नहीं खाना था ।

(iii) वे चश्मे के बिना मूर्ति नहीं देखना चाहते थे ।

(iv) कोई अन्य कारण रहा होगा ।

(घ) चोराहा आते ही क्या हुआ ? **1**

(i) हालदार साहब की आँखें चौराहे की तरफ उठ गई ।

(ii) उन्होंने मूर्ति को देखा ।

(iii) वे चीखे ।

(iv) उपर्युक्त तीनों बातें हुई ।

(ड) हालदार साहब मूर्ति के सामने अटेंशन में खड़े हो गए। क्यों ? **1**

(i) मूर्ति की आँखों पर सरकंडे का चश्मा था।

(ii) मूर्ति के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए।

(iii) यह चश्मा किसी बच्चे ने बनाया था।

(iv) कोई और कारण था।

11. निम्न प्रश्नों के उत्तर संक्षेप मे दीजिए। **2x5=10**

(क) पान वाले का रेखाचित्र नेताजी का चश्मा पाठ के आधार पर प्रस्तुत कीजिए ।

(ख) भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर अपनी भावनाएँ किस तरह व्यक्त कीं ?

(ग) भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ?

(घ) बिना विचार, घटना और पात्रों के भी क्या कहानी लिखी जा सकती है। यशपाल के इस विचार से आप कहाँ तक सहमत है ?

(ङ) सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे ?

12. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़िए एवं उस आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5**

उधौ तुम हो अति बड़भागी ।
अपरस रहत सनेह तगा तै, नाहिन मन अनुरागी ।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी ।
ज्यों जल माहं तेल की गागरि, बूंद न ताकौं लागी ।
प्रीति नदी में पाउँ न बौरयौ, दृष्टि न रूप परागी।
'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चांटी ज्यौ पागी ।।

(क) कवि व कविता का नाम बताओ।

(ख) उद्धव के व्यवहार की तुलना किस - किस से की गई है ?

(ग) गोपियाँ उद्धव को बड़भागी क्यों मानती है ?

(घ) 'तेल की गागर' का दृष्टांत किस बात को स्पष्ट करने के लिए दिया गया है ?

(ङ) उपर्युक्त पद्यांश में प्रयुक्त भाषा कौन सी है ?

अथवा

मधुप गुन - गुनाकर कह जाता कौन कहानी यह अपनी,
मुरझाकर गिर रही पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी ।
इस गंभीर अनंत - नीलिमा में असंख्य जीवन - इतिहास
यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य - मलिन उपहास
तब भी कहते हो - कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती ।
तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे - यह गागर रीती ।।

(क) कवि और कविता का नाम लिखिए ।

(ख) कवि का मन रूपी भँवरा कैसी कहानी कह रहा है ?

(ग) 'मुरझाकर गिर रही पत्तियाँ' किसका प्रतीक है ?

(घ) असंख्य जीवन इतिहास द्वारा उपहास करने का क्या तात्पर्य है ?

(ङ) गागर रीती का भाव स्पष्ट कीजिए ।

13. निम्न प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए। **5**

(क) उत्साह कविता में बादल किन - किन अर्थों की ओर संकेत करता है ?

(ख) गोपियों द्वारा उद्धव को भाग्यवान कहने में क्या व्यंग्य निहित है ?

14. सरकारी तंत्र में जार्ज पंचम की नाक लगाने को लेकर जो चिंता या बदहवासी दिखाई देती है वह उसकी किस मानसिकता को दर्शाती है ? **5**

अथवा

आपके विचार से भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता था ?

खंड 'घ'

पत्र - लेखन

15. आपके क्षेत्र का डाकिया अत्यन्त लापरवाही से डाक फेंकता है । इससे आवश्यक पत्र गुम हो जाते हैं। मुख्य डाकघर प्रबंधक को इस बारे में शिकायती पत्र लिखिए । **5**

अथवा

विद्यालय में नियमित उपस्थित रहने और परीक्षा की तैयारी भली - भाँति करते रहने की सलाह देते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए ।

16. नीचे दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषयपर निबन्ध लिखिए । **5**

बढ़ती जनसंख्या : एक समस्या ।

बढ़ती जनसंख्या समस्या बन गई है । सारे संसाधन कम पड़ते जा रहे हैं । सरकारी प्रयास भी कामयाब नहीं है । क्या हो इसका समाधान ? निष्कर्ष ।

अथवा

किसी मैच का आँखो देखा वर्णन।

आपको किसी मैच को देखने का सुअवसर प्राप्त हुआ। उस मैच में भारत की शानदार विजय हुई। मैच का आँखों देखा वर्णन करते हुए अपने अनुभव को अभिव्यक्त कीजिए।

- o O o -